आईआईएम रांची का नौवां स्थापना दिवस

ग्रुप डांस प्रस्तुत करते फ्रॉगीफिट स्टूडेंट्स।

आईआईएम के छात्र लीडरशिप क्वालिटी का इस्तेमाल खुद के साथ देश की तरक्की के लिए करें : राज्यपाल

एजुकेशन रिपोर्टर | रांची

राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) अपनी बेहतरीन शिक्षण शैली और स्किल्ड स्टूडेंट्स को तैयार करने के लिए विख्यात है। ऐसे में छात्रों को अपनी लीडरशिप क्वालिटी का इस्तेमाल खुद के साथ राज्य और देश की तरक्की के लिए करते रहना चाहिए। वे शुक्रवार को आईआईएम रांची के नौवें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थीं। आयोजन डॉ. रामदयाल मुंडा कला भवन खेलगांव में किया गया।

गवर्नर ने कहा कि आईआईएम के एक-एक छात्र यह ठान लें कि उन्हें वंचितों के लिए कुछ करना है, तो वह दिन दूर नहीं जब हर व्यक्ति अगली कतार में खड़ा होने लगेगा। स्टूडेंट सकारात्मक सोच के साथ झारखंड को समृद्ध बनाने का संकल्प लें।

डॉ. रामदयाल मुंडा कला भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू, प्रवीण शंकर पंड्या, प्रो. शैलेंद्र सिंह और अन्य।

खनिज को लोगों के विकास का जरिया बनाएं : पंड्या

संस्थान के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पंड्या ने कहा कि राष्ट्र की समृद्धि स्टूडेंट्स के कंधों पर होती है। ऐसे में आईआईएम के स्टूडेंट्स खनिज संपदा संपन्न झारखंड के लोगों को अपने रिसर्च के माध्यम से उन्नत बनाने की कोशिश करें। खनिज संसाधन पर स्टडी कर उसका उपयोग लोगों की बेहतरी के लिए करें। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों की तरह राज्य के खनिज को यहां के लोगों के विकास का जरिया बनाएं।

आपने रांची को क्या दिया यह देखें छात्र : प्रो. शैलेंद्र

डायरेक्टर प्रो. शैलेंद्र सिंह ने कहा कि नौ साल के सफर में संस्थान ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। पीजीडीएम और एचआरएम के छात्रों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हमें गौरवान्वित करता है। इसका श्रेय छात्रों की मेहनत के साथ-साथ योग्य फैकल्टी के बेहतरीन मार्गदर्शन को भी जाता है। उन्होंने स्टूडेट्स से कहा कि वे यह न देखें कि उन्हें रांची ने क्या दिया है, बल्कि यह देखें कि आपने रांची को क्या दिया है।

पीजीडीएम व एचआरएम के छात्र सम्मानित

कार्यक्रम में पीजीडीएम में प्रथम गौतम मकेनानी, द्वितीय कीर्तन शर्मा और तृतीय रणविजय समेत सत्र 2016-18 के एचआरएम के छात्र जतिंद्र मोदी, गौरव घोष तथा कार्तिक कृष्णासामी को अवॉर्ड व सर्टिफिकेट दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अति मोहापात्रा ने किया।

समारोह में सम्मानित पीजीडीएम और एचआरएम के स्टूडेंटस।

गीत-नृत्य में भी दिखा आईआईएम के स्टूडेंट्स का हुनर

आईआईएम के छात्रों ने शानदार प्रस्तुति से साबित किया कि वे पढ़ाई ही नहीं, सांस्कृतिक गतिविधियों में भी पीछे नहीं है। छात्रों के समूह फ्रॉगीफिट ने कई डांस फार्म दिखाए। अंकिता चक्रवर्ती और प्रियंका नायक ने वंदना नृत्य किया। वलोरी भौमिक ने वो शाम कुछ अजीब थी... सुनाया तो लोगों के मुंह से निकले वाह क्या बात है। इसके बाद सौमित्री नंदी ने भी फिल्मी गीत गाकर झुमाया।

Dainik Bhaskar, 16.12.2017, Pg. 04